पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर )

---

# राज्यपाल से मिलकर वरिष्ठ अधिकारीगण, कुलपतिगण, राजभवन कार्मिक, प्रगतिशील कृषक व गणमान्य नागरिकों ने नववर्ष की बधाई दी

---

लखनऊ : 01 जनवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में वरिष्ठ अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षकगण के साथ–साथ राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासित कार्मिक एवं गणमान्य नागरिकों ने भेंटकर नववर्ष–2024 की बधाइयों का आदान–प्रदान किया।

नववर्ष के अवसर पर राज्यपाल जी से भेंट कर बधाई देने वालों में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह, सचिव औद्योगिक विकास श्री अभिषेक प्रकाश, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, प्रगतिशील किसान, सहित अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित थे।

---

डॉ0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361